**सराहनीय कार्य, जालौन पुलिस**

**दिनांक– 30.07.2025**

**श्रीमान अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन कानपुर एवं पुलिस उपमहानिरीक्षक झांसी परिक्षेत्र झांसी के नेतृत्व में पुलिस अधीक्षक जालौन के कुशल पर्यवेक्षण में थाना कुठौन्द पुलिस द्वारा चोरी की घटना का सफल अनावरण कर घटना से सम्बन्धित अभियुक्ता को 01 अदद पीली धातु का मंगलसूत्र (कीमत लगभग 1,75000/- रूपये) के साथ गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही की गयी।**

दिनांक 29.07.2025 को वादिया द्वारा थाना कुठौन्द में तहरीरी सूचना दी गयी कि अज्ञात महिला चोर द्वारा वादिया के पर्स में से वादिया का सोने का मंगलसूत्र चोरी कर ली हैं। जिसके सम्बन्ध में वादिया की तहरीर के आधार पर थाना कुठौन्द में मु0अ0सं0 132/25 धारा 305 बीएनएस पंजीकृत किया गया था।

दिनांक 29.07.2025 को थाना कुठौन्द पुलिस टीम द्वारा थाना क्षेत्र में रोकथाम अपराध, चैकिंग संदिग्ध व्यक्ति, लुटेरे, वाहन चोर/वांछित अपराधी एवं सुरागरसी-पतारसी एवं चैकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर चोरी की घटना का सफल अनावरण करते हुए, घटना मे शामिल अभियुक्ता पूजा पत्नी राकेश निवासी मु0 आजाद नगर ग्राम इकरन थाना चिकसाना जनपद भरतपुर राजस्थान को ग्राम बरियापुर के पास से गिरफ्तार कर उनकी निशादेही पर 01 अदद पीली धातु का मंगलसूत्र बरामद कर आवश्यक कार्यवाही की गयी।

अभियुक्ता से माल बरामदगी के सम्बन्ध में थाना कुठौन्द में पंजीकृत उपरोक्त अभियोग में धारा 317(2) बीएनएस की बढ़ोत्तरी कर नियमानुसार वैधानिक कार्यवाही की गयी है।

**गिरफ्तार अभियुक्ता का विवरण-**

1.पूजा पत्नी राकेश उम्र करीब 25 वर्ष निवासी मु0 आजाद नगर ग्राम इकरन थाना चिकसाना जनपद भरतपुर राजस्थान

**बरामदगी का विवरण**

1. एक अदद पीली धातु का मंगलसूत्र

**आपराधिक इतिहास**

1. मु0अ0सं0 132/2025 धारा 305/317(2) बीएनएस थाना कुठौन्द जनपद जालौन

**गिरफ्तार करने वाली टीम का विवरण-**

1. प्रभारी निरीक्षक थाना कुठौन्द मय टीम